# 2023

# ELECTIVE HINDI

**Full Marks : 100**

**Pass Marks : 33**

**Time : Three hours**

***साधारण निर्देश :***

*(i) इस प्रश्न–पत्र के छः खण्ड हैं : क, ख, ग, घ, ङ, च ।*

*(ii) प्रत्येक प्रश्न अनिवार्य है ।*

*(iii) प्रत्येक प्रश्न के लिए निर्धारित अंक प्रश्न के सामने दिए गए हैं ।*

*(iv) उत्तर देते समय प्रश्न–पत्र में दी गई प्रश्न–संख्या तथा निर्देशों का ध्यान रखिए ।*

## खण्ड — क

**(वाचन – 10 अंक)**

**निर्देश** : प्रश्न–संख्या **1** का उत्तर लगभग **40** शब्दों में, प्रश्न–संख्या **2** का उत्तर लगभग **30** शब्दों में तथा प्रश्न–संख्या **3** से **7** तक के उत्तर एक–एक वाक्य या शब्द या शब्दसमूह में लिखिए ।

नीचे लिखे गद्यांश को ध्यान से पढ़िए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

महात्मा गाँधी का जन्म **2** अक्टूबर **1869** को गुजरात में हुआ । उनका पूरा नाम मोहनदास करमचंद गाँधी था । सभी भारतवासी उन्हें बापू और राष्ट्रपिता के नाम से भी जानते हैं । वे एक ईमानदार और सत्यवादी इन्सान थे । सत्य और अहिंसा में उनका अडिग विश्वास था । भारत के स्वतंत्रता–संग्राम में गाँधी जी ने बहुत कष्ट उठाए और कई बार जेल गए किन्तु वे अपनी स्वतंत्रता के लिए डटे रहे । स्वतंत्रता उनके जीवन का लक्ष्य था । इस लक्ष्य को पाने के लिए उन्होंने नमक सत्याग्रह, असहयोग आन्दोलन और भारत छोड़ो आन्दोलन चलाया ।

1. भारत को स्वतंत्रता दिलाने के लिए महात्मा गाँधी ने क्या–क्या किया ? 3

2. भारतवासी गाँधीजी को किस–किस नाम से जानते हैं ? 2

3. गाँधीजी के जीवन का लक्ष्य क्या था ? 1

4. गाँधीजी कैसे इन्सान थे ? 1

5. 'लक्ष्य' शब्द का एक समानार्थक शब्द लिखिए । 1

6. 'स्वतंत्रता' शब्द का एक विपरीतार्थक शब्द लिखिए । 1

7. उपर्युक्त गद्यांश का एक उचित शीर्षक लिखिए । 1

## खण्ड — ख

### (लेखन – 15 अंक)

8. नीचे लिखे गद्यांश को ध्यान से पढ़िए और इसका सार एक-तिहाई शब्दों में लिखिए तथा एक उचित शीर्षक भी दीजिए : 5+2=7

विद्यार्थी जीवन मनुष्य के जीवन का वह काल होता है, जिसमें वह विद्या ग्रहण करता है । यह उसके जीवन का स्वर्णिम काल होता है । इस काल में विद्यार्थी अपने शरीर तथा मस्तिष्क दोनों को विकसित करता है । इस काल में उसे अपने अधिकारों के साथ-साथ अपने परिवार, समाज तथा राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों का भी ज्ञान हो जाता है । यह काल उसके जीवन की वह नींव है, जिसपर वह अपने भावी जीवन को खड़ा कर सकता है । शील, सदाचार, विनय, गुरुजनों का आदर अनुशासन आदि विद्यार्थी जीवन के आवश्यक गुण हैं ।

9. (क) आपके जीवन में घटित एक वास्तविक घटना का वर्णन लगभग **160** शब्दों में लिखिए । 8

*अथवा*

(ख) रानी गाइडिनल्यू की जीवनी लगभग **160** शब्दों में लिखिए ।

## खण्ड — ग

### (व्याकरण – 15 अंक)

**निर्देश :** प्रश्न-संख्या **10** का उत्तर लगभग **40** शब्दों में, प्रश्न-संख्या **11**, **12** और **13** के उत्तर लगभग **30**–**30** शब्दों में तथा प्रश्न-संख्या **14** से **19** तक के उत्तर एक-एक वाक्य या शब्द या शब्दसमूह में लिखिए ।

10. करण कारक और अपादान कारक का अन्तर सोदाहरण स्पष्ट कीजिए । 3

11. सर्वनामों के रूपान्तर का तात्पर्य क्या है ? सोदाहरण स्पष्ट कीजिए । 2

12. अन्विति का एक नियम सोदाहरण स्पष्ट कीजिए । 2

13. मध्यम पुरुषवाचक सर्वनाम 'आप' का प्रयोग कौन-कौन-सी अवस्थाओं में किया जाता है ? सोदाहरण स्पष्ट कीजिए । 2

14. 'परिणाम' और 'परिमाण' – इन दो शब्दों के अर्थ लिखिए । 1

15. 'शुल्क' और 'शुक्ल' – इन दो शब्दों के अर्थ लिखिए । 1

16. 'आकाश के तारे तोड़ना' मुहावरे का अर्थ लिखिए । 1

17. 'हाथ तंग होना' मुहावरे का अर्थ लिखिए । 1

18. 'ऊखली में सिर दिया तो मूसलों से क्या डर' लोकोक्ति का अर्थ लिखिए । 1

19. 'कुत्ता भी बैठता है तो दुम हिलाकर' लोकोक्ति का अर्थ लिखिए । 1

## खण्ड — घ

**(पद्य – 8+12=20 अंक)**

20. नीचे लिखे पद्यांश की सन्दर्भ सहित व्याख्या कीजिए : 6

(क) तुझे मिली हरियाली डाली

मुझे नसीब कोठरी काली

तेरा नभ भर में संचार

मेरा दस फुट का संसार ।

*अथवा*

(ख) दूसरों की गोद में बड़ी होने वाली

पराई भाषा पर आश्रित

माँ की शक्ल न पहचानने वाली

सन्तान है बेचारी

पुकारूँगा "माँ"

आज के दिन तो ।

**निर्देश** : प्रश्न–संख्या **21** का उत्तर लगभग **50** शब्दों में, प्रश्न–संख्या **22** का उत्तर लगभग **40** शब्दों में, प्रश्न–संख्या **23** और **24** के उत्तर लगभग **30 – 30** शब्दों में, प्रश्न–संख्या **25** और **26** के उत्तर एक–एक वाक्य में तथा प्रश्न–संख्या **27** का उत्तर नीचे दिए गए संभावित विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर कोष्ठक में दिए गए वर्ण को ही उत्तर–पुस्तिका में लिखिए।

21. सतगुरु सवाँ न को सगा, सीधी सईं न दाति ।

हरिजी सवाँ न को हितु, हरिजन सईं न जाति ।।

– कबीरदास की उपर्युक्त साखी में निहित भाव स्पष्ट कीजिए । 4

22. कवयित्री ने अपने आप को 'दुख की बदली' क्यों कहा ? स्पष्ट कीजिए । 3

23. कवि ने अपने आपको कहाँ ले जाने के लिए कहा और क्यों ? 2

24. कृष्ण वियोग में गोपियों की दशा का चित्रण कीजिए । 2

25. गोपियाँ उद्धव से क्या–क्या प्रश्न पूछती हैं ? 1

26. 'मदन मारि कीन्हीं हम लुंजे ।'

– सूरदास की उपर्युक्त पंक्ति में निहित भाव स्पष्ट कीजिए । 1

27. 'अंतर्निहित' कविता के कवि का नाम क्या है ? 1

(क) जयशंकर प्रसाद (ख) तंबि श्रीनिवासन

(ग) माखनलाल चतुर्वेदी (घ) अशाङ्बम मीनकेतन सिंह

## खण्ड — ङ

(गद्य – 25 अंक)

28. नीचे लिखे गद्यांश की सन्दर्भ सहित व्याख्या कीजिए : 6

(क) बाजार बाँसा की वह आग अमृतसर की सब से भयानक आग थी, जिससे कुछ देर के लिए तो सारे शहर के जल जाने का अँदेशा पैदा हो गया था। बाजार बाँसा के आसपास के कई मुहल्लों को तो उस आग ने अपने लपेट में ले ही लिया था।

*अथवा*

(ख) बीमार, कमजोर और बूढ़ों के लिए गादी का इन्तजाम किया जाए, तो बात और है। लेकिन जो शिष्ट समझे जाते हैं, उनमें और दूसरों में फर्क करके उनके लिए भेद-दर्शक तकिए का आसन लगाना बिल्कुल दूसरी ही चीज है।

29. 'मलबे का मालिक' अथवा 'वल्लभभाई पटेल' पाठ का सारांश लगभग **160** शब्दों में लिखिए। 8

**निर्देश :** प्रश्न-संख्या **30** का उत्तर लगभग **50** शब्दों में, प्रश्न-संख्या **31** का उत्तर लगभग **40** शब्दों में, प्रश्न-संख्या **32** का उत्तर लगभग **30** शब्दों में तथा प्रश्न-संख्या **33** और **34** के उत्तर नीचे दिए गए संभावित विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर कोष्ठक में दिए गए वर्ण को ही उत्तर-पुस्तिका में लिखिए।

30. 'मनुष्य और जानवर में क्या अन्तर रहा' ?

– 'मनुष्य के जीवन की सार्थकता' पाठ के आधार पर लेखक के उपर्युक्त कथन का तात्पर्य स्पष्ट कीजिए। 4

31. अब्दुल गनी से मिलने के पश्चात रक्खे पहलवान का जो हाल हुआ, उसका वर्णन कीजिए। 3

32. मास्टर रुद्रनारायण की चारित्रिक विशेषताओं का वर्णन कीजिए। 2

33. उस वीरान बाजार में आने वाला व्यक्ति कौन था ? 1

(क) चिरागदीन (ख) अब्दुल गनी

(ग) रक्खे पहलवान (घ) मनोरी

34. 'मनुष्य के जीवन की सार्थकता' पाठ का लेखक कौन है ? 1

(क) रामविलास शर्मा (ख) आचार्य विनोबा भावे

(ग) रामनाथ 'सुमन' (घ) पं० बालकृष्ण भट्ट

## खण्ड — च

### (पूरक पाठ्य पुस्तक – 15 अंक)

**निर्देश :** प्रश्न-संख्या **35** का उत्तर लगभग **50** शब्दों में, प्रश्न-संख्या **36** का उत्तर लगभग **40** शब्दों में, प्रश्न-संख्या **37** और **38** के उत्तर लगभग **30 – 30** शब्दों में, प्रश्न-संख्या **39**, **40** और **41** के उत्तर एक-एक वाक्य में तथा प्रश्न-संख्या **42** का उत्तर नीचे दिए गए संभावित विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर कोष्ठक में दिए गए वर्ण को ही उत्तर-पुस्तिका में लिखिए ।

35. मणिपुर में याओशङ् का त्योहार कैसे मनाया जाता है ? 4

36. कैम्ब्रिज में मनाए गए भारत के स्वतंत्रता-दिवस का चित्रण कीजिए । 3

37. पेरिस के बारे में मि० बेग का विचार स्पष्ट कीजिए । 2

38. माओ जनजाति के मुख्य त्योहारों के बारे में स्पष्ट कीजिए । 2

39. अनाल जनजाति के प्रमुख त्योहार कौन-कौन-से हैं ? 1

40. 'गीतांजलि' की कविताओं की मूल विशेषता क्या थी ? 1

41. रवीन्द्र का सिद्धान्त क्या है ? 1

42. 'कवीन्द्र-रवीन्द्र' पाठ का लेखक कौन है ? 1

(क) हरिवंशराय बच्चन (ख) इबोहल सिंह काङ्जम

(ग) बाबू गुलाबराय (घ) एस. लनचेनबा मीतै